प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में 55वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता प्रारम्भ

पंतनगर। 8 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की तीन–दिवसीय 55वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता स्टीवेंसन स्टेडियम में प्रारम्भ हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव, डा. दीपा विनय ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया।

प्रतियोगिता के आरम्भ में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराया व मार्चपास्ट की सलामी ली गयी। मार्चपास्ट की अगुवाई पी.ए.सी. के बैण्ड ने की जिसके पीछे सभी छात्रावासों के विद्यार्थी अपने–अपने छात्रावास का ध्वज लेकर मार्चपास्ट कर रहे थे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय चैम्पियन ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलायी तथा प्रतियोगिता के प्रारम्भ में मशाल लेकर स्टेडियम के मैदान की परिक्रमा की। खेल–कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर छात्राओं द्वारा गीत व नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गयी। प्रतियोगिता में 21 छात्रावासों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का संचालन डा. अर्पिता शर्मा काण्डपाल ने किया। उद्घाटन के अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह; सह अधिष्ठात्री छात्र कल्याण एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा, डा. पूनम त्यागी व सभी अधिष्ठाता, निदेशक, छात्रावास अभिरक्षक व सहायक छात्रावास अभिरक्षक, स्टाफ काउंसलर एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



*प्रतियोगिता में मार्च–पास्ट की सलामी देते।*





*प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित करते।*

